रबर की खपत बढ़ेगी

नई दिल्ली ◆ वित्त वर्ष 2011-12 में नेचुरल रबर की खपत बढ़कर 9.77 लाख टन रहने का अनुमान है। यह आंकड़ा पिछले साल की खपत के मुकाबले तीन फीसदी ज्यादा है। रबर बोर्ड की चेयरमैन शीला थॉमस ने कहा कि बीते वित्त वर्ष में ऑटोमोबाइल सेक्टर के परिणाम अच्छे रहे हैं जिसकी वजह से नेचुरल रबर की मांग में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। पिछले वित्त वर्ष में भारत में 9.49 लाख टन नेचुरल रबर की खपत रही थी। ऑटोमोबाइल सेक्टर के 23 फीसदी की दर से बढ़ने के कारण टायर के उत्पादन में बढ़ोतरी दर्ज की गई जिससे नेचुरल रबर की खपत में बढ़ोतरी को समर्थन मिल रहा है। (एजेंसी)